(3)

दिनांक – 04/10/2023

पत्रांक – 203


# KRISHI VIGYAN KENDRA, SIRIS, AURANGABAD
# कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस, औरंगाबाद
BIHAR AGRICULTURAL UNIVERSITY, SABOUR, BHAGALPUR

**DR. B. K. Mandal**
Senior Scientist & Head
K V K, Siris, Aurangabad
Pin - 824112 (Bihar)

aurangabadkvk@gmail.com
Mob. No. - 8298641285


## दिनांक–25/08/2023 (बुधवार) को कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की पंद्रहवीं बैठक में दिये गये दिशा निर्देशः–

कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस, औरंगाबाद के पंद्रहवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक दिनांक–25/08/2023 को आहुत की गई जिसमें चौदहवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति के बैठक में सदस्यों द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सम्पुष्टि हेतु प्रेषित किया गया जिसे वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्यों नें सम्पुष्ट किया। तत्पश्चात् पंद्रहवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक की कार्यवायी वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा डा0 आर0के0 सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर की अध्यक्षता में प्रारम्भ की गई। इस बैठक में वर्ष 2023–24 के लिये निम्न कार्य निर्देश सदस्यों द्वारा दिया गया।

1. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के प्रस्तुतीकरण की शुरूआत औरंगाबाद जिला के मानचित्र जिले की मुख्य फसलें एवं उसका क्षेत्रफल, वर्षापात की स्थिति (प्रखंडवार) इत्यादि ग्राफ के द्वारा की जाय। अनुपालनः– कार्यक्रम सहायक (कम्प्यूटर), विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि मौसम विज्ञान), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान।
2. त्रैमासिक, प्रशिक्षण Calender बनाकर कृषि विभाग, आत्मा एवं अन्य संबंधित विभाग को भेजा जाय। अनुपालनः–वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि मौसम विज्ञान) तथा कार्यक्रम सहायक (कम्प्यूटर)
3. केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त करनेवाले सभी प्रशिक्षणार्थियों का डाटा बेस तैयार किया जाय। अनुपालनः–सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम सहायक (कम्प्यूटर)
4. CRA परियोजना में फसल विविधीकरण के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र पर 300–400 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में स्ट्रॉबेरी के प्रत्यक्षण इकाई की स्थापना की जाय।
   अनुपालनः–कार्यक्रम सहायक (प्रयोगशाला तकनिशियन)
5. गेहूँ के Bio-Fortified seed बीज का प्रत्यक्षण किसानों के प्रक्षेत्र पर किया जाय।
   अनुपालनः–विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य एवं गृह विज्ञान
6. NARI परियोजना अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रांगण में 100 आँगनबाड़ी महिलाओं का प्रशिक्षण करवाना सुनिश्चित किया जाय। अनुपालनः– विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान)
7. किसान अवार्ड हेतु संबंधित विषय वस्तु विशेषज्ञ आवेदन भरवाना सुनिश्चित करेंगे जिससे जिला के कृषक लाभान्वित हों एवं अन्य कृषकों हेतु प्रेरणास्रोत बन सकें।
   अनुपालनः–विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी) कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद
8. वर्ष 2023–24 में 50 क्विंटल मशरूम स्पॉन का उत्पादन करना सुनिश्चित किया जाय।
   अनुपालनः–विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान)
9. प्रस्तावित वित्तीय वर्ष में थाई एप्पल बेर एवं थाई अमरूद का प्रत्यक्षण इकाई कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र पर लगाना सुनिश्चित करें। अनुपालनः–प्रयोगशाला तकनिशियन–सह–प्रक्षेत्र प्रबंधक

10. व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम से कितने प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार मिला या उनके द्वारा नया रोजगार शुरू किया। इसका रिकार्ड संधारित किया जाय और प्रस्तुतीकरण में दर्शाया जाय।
अनुपालनः—विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी) कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद

11. धान एवं गेहूँ की विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई नयी प्रजाति का प्रत्यक्षण किया जाय।
अनुपालनः— विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य)

12. तेलहनी फसलों के प्रत्यक्षण के अन्तर्गत तिल का प्रत्यक्षण किया जाय।
अनुपालनः— विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य)

13. जिला कृषि पदाधिकारी के साथ बैठकर किसानों का workshop रबी मौसम में करवाया जाय।
अनुपालनः— वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद

14. ARYA परियोजना में युवाओं के बीच बकरी पालन को बढ़ावा देने हेतु परियोजना मद से बकरी उपलब्ध कराया जाय। अनुपालनः— विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान)

15. महिला समूह को सिलाई—कताई का प्रशिक्षण दिया जाय।
अनुपालनः— विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान)

16. प्राकृतिक खेती करने के लाभ का विस्तृत (उत्पादन के साथ मृदा की की गुणवत्ता यथा भौतिक दशा, रासायनिक दशा, जैवकीय दशा) इत्यादि रिर्पोट बनाया जाय ताकि किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया जा सके। अनुपालनः— विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य)

17. रबी मौसम के पहले किसान सलाहकारों का प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस, औरंगाबाद में देना सुनिश्चित किया जाय। अनुपालनः—वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद

18. ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के समूह में जिला कृषि पदाधिकारी के पदाधिकारी समूह को तथा जीविका के समूह को जोड़ा जाय। अनुपालनः— विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि मौसम विज्ञान)

19. कृषि विज्ञान केन्द्र में बकरी पालन का प्रशिक्षण पशु चिकित्सा विज्ञान के विषय वस्तु विशेषज्ञ की अनुपस्थिति में पशुपालन विभाग, औरंगाबाद से Resource person को बुलाकर किया जाय। अनुपालनः—वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद

20. उद्यान, मधुमक्खी पालन, विभिन्न फसलों की पैकेज प्रणाली इत्यादि का Bulletin/Leaflet छपवाकर किसानों के बीच वितरित किया जाय। अनुपालनः—वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद

21. कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में PNB RSETI से या प्रशिक्षित किसानों को Resource person के रूप में बुलाकर Honorarium देकर प्रशिक्षण दिलवाया जाय। अनुपालनः—वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद

22. रबी मौसम में रबी फसलों के उत्पादन की पैकेज प्रणाली का Pumplate तैयार करवाकर किसानों को उपलब्ध करवाया जाय। अनुपालनः—वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद

23. Single Super Phosphate (SSP) के उपयोग करने हेतु जिला के किसानों को प्रेरित किया जाय।
अनुपालनः—विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य) तथा वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद

Sd/- 09-10-2023

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र,
सिरिस, औरंगाबाद